## संपादकीय

# अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर लोग आमादा

लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण जानलेवा भी हो सकता है। मगर जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है।

छठ के मौके पर दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तू तू-मैं मैं अब इतनी आम हो गई है कि लोग उससे ऊबने लगे हैं। मुद्दा है कि जब यह स्थायी समस्या है, तो छठ के बाद उस पर इन दोनों पार्टियों का ध्यान क्यों नहीं होता, जिनकी केंद्र और (केंद्र शासित) प्रदेश में सरकारें हैं? फिर सामान्य दिनों में नागरिक समाज को भी इसकी कोई फिक्र नहीं होती। यही हाल दिल्ली और आसपास के इलाकों में इस सीजन में बढऩे वाले वायु प्रदूषण की है। फिर वही हुआ। एक और दिवाली आई और फिर दिल्ली एनसीआर स्मॉग की चादर से ढक गया। पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ कागज पर रहा। लोगों ने जितनी मांग की, उतने पटाखे दुकानों में बिके, लोगों ने खरीदे और मन भर कर जलाए भी।

अब लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण सिर्फ थोड़ी-सी खांसी ही नहीं देता, बल्कि यह जानलेवा तक साबित हो सकता है। मगर भारत में जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है। अब इस क्रम में एक अंतरराष्ट्रीय पहलू भी जुड़ा है। पाकिस्तान भी वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव झेल रहा है। खासकर लाहौर शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह कम दिलचस्प नहीं कि प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने लाहौर में खराब होती हवा के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया है।

उनका कहना है कि भारत से आने वाली हवा अपने साथ प्रदूषण लेकर आती है, जिससे लाहौर की हवा खराब हो रही है। जबकि खुद पाकिस्तान में तैयार रिपोर्टों में कहा गया है कि खराब वायु गुणवत्ता के प्रमुख कारणों में उद्योगों और वाहनों से निकलने वाला धुआं शामिल है। इसके अलावा खेती की पद्धति, जैव ईंधन और कचरे को जलाना और धूल इसके अन्य पहलू हैं। मगर गंभीर समस्या पर अगंभीर और बे-ईमान रुख की संस्कृति पाकिस्तान में भी कोई कम नहीं है। बहरहाल, ऐसे नजरियों से कुछ हासिल नहीं होगा, यह बात हर जागरूक व्यक्ति अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।

## देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में घर का सपना हो सकेगा पूरा, ग्रुप हाउसिंग के 4 प्लॉटों की आएगी स्कीम

**ग्रेटर नोएडा**



दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के अंतर्गत देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में रहने का सपना जल्द पूरा हो सकेगा। आईआईटीजीएनएल की ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना जल्द लॉन्च हो सकेगी। आईआईटीजीएनएल की सोमवार को संपन्न बोर्ड बैठक में 2024-25 की भू आवंटन की दरें तय हो चुकी हैं। अब स्कीम लॉन्च करने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, आईटीजीएनएल की तरफ से बिल्डर भूखंडों की स्कीम लॉन्च करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन ई-ऑक्शन के लिए रिजर्व प्राइस तय न होने के कारण रुकी थी। आईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक सोमवार को संपन्न हुई, जिसमें रेट पर मुहर लग गई।

इस टाउनशिप में 44,400 रुपए प्रति वर्ग मीटर रिजर्व प्राइस तय किया गया है। इसके साथ ही अब यह स्कीम भी शीघ्र लॉन्च होने जा रही है। देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप होने के चलते यहां पर पहले से ही एनसीआर एवं देश के कई बड़े बिल्डर ग्रुप हाउसिंग में निवेश करने की इच्छा जता चुके हैं। ऐसे में आईआईटीजीएनएल में ग्रुप हाउसिंग के ऑक्शन की स्कीम में बड़ी संख्या के बिल्डरों के भाग लेने की संभावना है।

आईआईटीजीएनएल की निदेशक प्रेरणा सिंह ने बताया कि 4 ग्रुप हाउसिंग भूखंडों में से एक भूखंड 34,500 वर्ग मीटर, दूसरा भूखंड 54,400 वर्ग मीटर, तीसरा भूखंड 70,000 वर्ग मीटर और चौथा भूखंड 94,000 वर्ग मीटर एरिया का है। रिजर्व प्राइस के आधार पर चारों भूखंडों की कुल कीमत लगभग 1,123 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। अगर चारों भूखंड रिजर्व प्राइस पर भी बिकते हैं तो आईआईटीजीएनएल को 1,123 करोड रुपए प्राप्त होंगे। साथ ही लोगों का आईआईटीजीएनल की स्मार्ट टाउनशिप में रहने का सपना भी पूरा हो सकेगा। इन भूखंडों का आवंटन ऑनलाइन ऑक्शन के जरिए होगा, जो आवेदक सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे ही भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

स्कीम में पंजीकरण, आवेदन, फीस डिपॉजिट और ई-ऑक्शन की सुविधा ऑनलाइन ही होगी। इसके साथ ही आईआईटीजीएनएल बोर्ड ने 2024-25 के लिए उद्योगों, वाणिज्यिक संपत्तियों की दरें भी तय कर दी हैं।

औद्योगिक भूखंडों की दर 23,900 रुपए प्रति वर्ग मीटर और वाणिज्यिक भूखंडों की दर 75,400 रुपए प्रति वर्ग मीटर होगी। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) द्वारा करीब 750 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। इस टाउनशिप में एक दर्जन बड़ी कंपनियां अपना प्लांट लगा रही हैं। हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी) और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां भी इसी टाउनशिप में चल रही हैं।

## भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में हार का कोई बोझ नहीं उठा रही है : बुमराह

**पर्थ**

कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि भारतीय टीम पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का कोई बोझ नहीं उठा रही है।

भारत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने की तैयारी कर रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज में हाल ही में मिली हार ने जटिलताएं बढ़ा दी हैं। टीम को कीवी टीम के हाथों 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में 25 रन से हार भी शामिल है। यह 2000 के बाद से घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत की पहली क्लीन स्वीप हार और तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में उनकी पहली हार थी। भारत पांच मैचों की सीरीज में एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ उतरेगा: चार मैच जीतना और लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना।

बुमराह ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप जीतते हैं, तो आप शून्य से शुरुआत करते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं, तो भी आप शून्य से शुरुआत करते हैं। हम भारत से कोई बोझ नहीं उठा रहे हैं। हां, हमने न्यूजीलैंड सीरीज से कुछ सीखा है, लेकिन वहां परिस्थितियां अलग थीं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करने वाले बुमराह ने आगे कहा, हमने अपनी प्लेइंग इलेवन को अंतिम रूप दे दिया है और आपको कल सुबह मैच शुरू होने से पहले पता चल जाएगा।

भारतीय तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया में अपने ऐतिहासिक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए टीम की तैयारियों पर भी भरोसा जताया। पर्थ की पिच, जो अपनी उछाल और गति के लिए जानी जाती है, गेंदबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, जो श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में एक दिलचस्प मोड़ लाएगी।

पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा। एडिलेड 6 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा, इसके बाद 14 दिसंबर को ब्रिसबेन होगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न में होगा और पांचवां अंतिम टेस्ट 3 जनवरी, 2025 को सिडनी में शुरू होगा।

## गौतम अडानी फिर सुर्खियों में, अमेरिका में लगा बड़ा आरोप; 265 मिलियन डॉलर को लेकर किया गया दावा

**नई दिल्ली।** भारतीय अरबपति और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी पर अमेरिका में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ये आरोप उनकी कंपनी के निवेशकों को धोखा देने के हैं। उन पर अमेरिका में अपनी कंपनी को कॉन्ट्रेक्ट दिलाने के लिए 265 मिलियन डॉलर या करीब 2236 करोड़ रुपये की रिश्वत देने और इसे छिपाने का आरोप लगाया गया है। यह पूरा मामला अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। अमेरिका में सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन ने बुधवार को इस मामले में गौतम अडानी के भतीजे सागर अडानी, अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अधिकारियों समेत एक अन्य फर्म एज्योर पावर ग्लोबल लिमिटेड के कार्यकारी सिरिल काबेनेस के खिलाफ भी आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर के साथ ही 7 सात अन्य प्रतिवादियों ने अपनी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी को कॉन्ट्रेक्ट दिलाने और भारत की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना विकसित करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति जताई थी।

## रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी, लाल निशान में खुला सेंसेक्स

**मुंबई**

रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार पर दिखा। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। निफ्टी पीएसयू बैंक में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

शुरुआती कारोबार में सुबह 9:43 बजे सेंसेक्स 610.10 अंक या 0.79 प्रतिशत की गिरावट के बाद 76,968.28 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 209.65 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के बाद 23,308.85 पर कारोबार कर रहा था। बाजार का रुख नकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 445 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1560 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।


निफ्टी बैंक 397.10 अंक या 0.78 प्रतिशत की गिरावट के बाद 50,299.40 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 170.40 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट के बाद 54,377.85 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉल कैप 100 इंडेक्स 94.50 अंक या 0.53 प्रतिशत की गिरावट के बाद 17,582.85 पर था।

सेंसेक्स पैक में एसबीआई, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और नेस्ले इंडिया टॉप लूजर्स रहे। वहीं, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स रहे। जानकारों का कहना है कि यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग के हालात और बदतर हो रहे हैं और ये बाजार को प्रभावित कर सकता है। यूक्रेन-रूस के बीच बढ़ते तनाव से बाजारों पर असर पड़ सकता है। तनाव बढऩे से अनिश्चितता बढ़ गई है नतीजतन अधिकांश मार्केट पार्टिसिपेंट्स स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, हालांकि, बाजार तेजी से गिरेगा इसकी संभावना कम है।

एशियाई बाजारों की बात करें तो जकार्ता और सोल को छोडक़र शंघाई, टोक्यो, बैंकॉक और हांगकांग के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 19 नवंबर को 3,411 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,783 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

## मेगा ऑक्शन में आए हैं 5 ऐसे भारतीय गेंदबाज, जो आईपीएल में जीत चुके हैं पर्पल कैप

**नईदिल्ली**



आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में 574 खिलाडिय़ों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. इसमें एक से बढक़र विस्फोटक बल्लेबाज, तेजतर्रार विकेटकीपर और तूफानी गेंदबाजों के नाम शामिल हैं. इतना ही नहीं नीलामी में 5 ऐसे भारतीय गेंदबाज भी इस बार नीलामी में उतर रहे हैं, जो इंडियन प्रीमियर लीग में पर्पल कैप जीतने का कारनामा कर चुके हैं. तो आइए इस आर्टिकल में आपको उन 5 गेंदबाजों के बारे में बताते हैं.

तेज गेंदबाज मोहित शर्मा उन पर्पल कैप विनर्स की लिस्ट में शुमार हैं, जिनपर आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में बोली लगने वाली है. आईपीएल 2014 में मोहित शर्मा ने पर्पल कैप अपने नाम की थी. चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलने वाले इस तेज गेंदबाज ने 16 मैचों में 23 विकेट लिए थे और इसी के तहत उन्होंने पर्पल कैप जीती थी.

भारतीय स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने एक बार नहीं बल्कि आईपीएल में बैक टू बैक 2 बार पर्पल कैप अपने नाम की हैं. भुवी ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए 2016 में 17 मैचों में 23 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती थी और साथ ही अपनी टीम को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी. इसके अगले सीजन भी उनकी गेंदबाजी का जादू चला, जब तेज गेंदबाज ने सीजन में खेले गए 14 मैचों में 26 विकेट चटकाए और पर्पल कैप जीती.

इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में अपना नाम 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइज के साथ ड्राफ्ट किया है. चहल भी पर्पल कैप जीत चुके हैं. उन्होंने 2022 में 17 मैच खेले, जिसमें 27 विकेट लिए और पर्पल कैप जीते.

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में मोहम्मद शमी ने 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइज के साथ अपना नाम ड्राफ्ट किया है. शमी ने गुजरात टायटंस की ओर से खेलते हुए आईपीएल 2023 में 17 मैचों में 28 विकेट लिए थे. इस बार शमी को नीलामी में बड़ी रकम मिलने की उम्मीद है.

## केएल राहुल नहीं ऋषभ पंत पर 25 करोड़ खर्च करेगी आरसीबी, हो गया बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली**



24 और 25 नवंबर को होने वाले आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं. क्रिकेट के गलियारों में इसी की चर्चा है. इस बीच मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर रहे सुरेश रैना ने बताया है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु 25 करोड़ रुपये में एक खिलाड़ी को खरीदने की तैयारी में है, क्योंकि टीम के पर्स में 83 करोड़ रुपये बचे हुए हैं.

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में इस बार एक दो नहीं बल्कि 12 मार्की प्लेयर्स शामिल हुए हैं. लिस्ट में ऋषभ पंत, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर जैसे कई भारतीय स्टार्स भी शामिल हैं. इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मिस्टर आईपीएल के नाम से पहचाने जाने वाले सुरेश रैना ने ऋषभ पंत को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है. उन्होंने बताया कि पंत को 25 करोड़ रुपये मिल सकते हैं. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा है कि यदि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु उन्हें खरीददती है, तो इसमें हैरानी नहीं होगी.

रैना ने कहा, ऋषभ पंत दिल्ली के कप्तान रहे हैं, तूफानी बल्लेबाज हैं और टॉप विकेटकीपर भी हैं. अगर आप उनकी ब्रांड वैल्यू पर नजर डालें तो स्पॉन्सरशिप के नजरिए से फायदेमंद रह सकते हैं. मुझे लगता है कि उन्हें 25-30 करोड़ रुपये मिलने चाहिए. मेरे लिए यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं होगी अगर आरसीबी पंत को खरीद लेती है, जिसके पास 83 करोड़ रुपये बचे हुए हैं.

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले 3 खिलाडिय़ों को रिटेन किया. इसमें विराट कोहली, यश दयाल और रजत पाटीदार का नाम शामिल है. रिटेंशन के बाद फ्रेंचाइजी के पर्स में 83 करोड़ रुपये बचे हुए हैं. अब आरसीबी को नीलामी से खरीददारी कर अपनी पूरी टीम तैयार करनी होगी. एक टीम में कम से कम 18 खिलाड़ी होने चाहिए और अधिकतम 25 प्लेयर हो सकते हैं. इसलिए आरसीबी कम से कम 15 और अधिकतम 22 प्लेयर्स को खरीद सकती है.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी।

***वृष:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।आप किसी काम करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएँगी।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है।आज आपकी किसीऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना संबंधों में मधुरता लाएगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है।

***मकर:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें।

***कुंभ:*** आजका दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद-विवाद निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। तथा आप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है । व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। निश्चित रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।

## मोहनलाल की बैरोज का ट्रेलर आउट, डिज्नी वर्ल्ड, 3डी एक्सपीरियंस के साथ जादू बिखेर अलग दुनिया की सैर कराएगी फिल्म




मलयालम फिल्म बैरोज-गार्डियन ऑफ ट्रेजर के मेकर्स ने फिल्म का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर रिलीज कर दिया है. मोहनलाल एक फ्रेंडली घोस्ट की भूमिका में हैं. सबसे खास बात यह है कि मोहनलाल ने इसे खुद निर्देशित किया है. ट्रेलर में एक महल के प्रोटेक्टिव भूत के किरदार में मोहनलाल कभी ना देखे गए अवतार में नजर आ रहे हैं.

ट्रेलर में दिखाया गया है कि महल में कई दिलचस्प कहानियां हैं और एक खजाना छिपा है जिसे केवल एक लडक़ी ही निकाल सकती है फिर पता चलता है कि केवल वह लडक़ी ही भूत को देख सकती है और वह उससे बात भी कर सकती है. बैरोज का ट्रेलर काफी खूबसूरत लग रहा है जो कि 3डी में और भी शानदार लग रहा है और यह आपको डिज्नी की फेयरीटेल दुनिया में ले जाता है. इसमें जादू, ड्रामा, फीलिंग्स और बहुत सारे सीक्रेट्स हैं. साथ ही वह सबकुछ है जो डिज्नी लवर्स को पसंद आए. फिल्म में सारे सीन शानदार है और 3डी में होने की वजह से यह जादुई दुनिया का बेहतरीन एक्सपीरियंस करवाता है. बैरोज-गार्डियन ऑफ ट्रेजर का निर्माण आशीर्वाद सिनेमा के तहत एंटनी पेरुंबवूर ने किया है. जबकि सिनेमैटोग्राफी संतोष सिवन ने की है. फिल्म का म्यूजिक लिडियन नादस्वरम ने तैयार किया है और यह 25 दिसंबर को केरल में क्रिसमस के मौके पर बड़े पैमाने पर रिलीज होने वाली है.

## सत्यदेव स्टारर फिल्म ज़ेबरा 22 नवंबर को रिलीज़ होगी



बहुप्रतीक्षित मल्टी-स्टारर फिल्म ज़ेबरा 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है, जिसमें प्रतिभाशाली अभिनेता सत्य देव और कन्नड़ स्टार दाली धनंजय मुख्य भूमिकाओं में हैं। ईश्वर कार्तिक द्वारा निर्देशित और पद्मजा फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और ओल्ड टाउन पिक्चर्स के तहत एसएन रेड्डी, एस पद्मजा, बाला सुंदरम और दिनेश सुंदरम द्वारा निर्मित यह फिल्म दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर रही है। रिलीज डेट पोस्टर में सत्य देव और दाली धनंजय को क्रूर अवतार में दिखाया गया है, जो करेंसी नोटों, एक लाइटहाउस और एक फैक्ट्री की पृष्ठभूमि में सेट है। फिल्म का प्रचार चल रहा है, निर्माताओं ने फर्स्ट लुक पोस्टर, मोशन वीडियो और एक अच्छी तरह से प्राप्त टीज़र जारी किया है जो कि फिल्म की कहानी को पेश करता है। ज़ेबरा में सत्यराज, सत्य अक्कला, जेनिफर पिकिनाटो, सुनील और प्रिया भवानी शंकर सहित कई प्रभावशाली कलाकार हैं, जिसकी टैगलाइन लक फेवर्स द ब्रेव है।

## महिला के संघर्ष को बखूबी बयां करती हैं अवॉर्ड विनिंग क्लासिक फिल्म ढाई आखर, 22 नवम्बर को होगी रिलीज




निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म 'ढाई आखर' एक क्लासिक लव स्टोरी है, जो एक महिला की अपनी पहचान ढूंढने की कोशिश में किए गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है. ये फिल्म 22 नवम्बर को पूरे देश में रिलीज़ होने जा रही है.

हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास तीर्थाटन के बाद पर आधारित फिल्म ढाई आखर हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही. इसके बाद वो चि_यिों के जरिए से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है, लेकिन विधवा होने के कारण उसका ये प्रेम संबंध पुरुष प्रधान समाज और परिवार को स्वीकार नहीं होता.

क्या हर्षिता इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना कर पाएगी? श्रीधर के साथ उसके रिश्ते के प्रति परिवार की नफरत का अंत क्या होगा? क्या दोनों का प्यार परवान चढ़ेगा? इन सभी सवालों का भावनात्मक जवाब खोजने की कोशिश है फिल्म ढाई आखर..

फिल्म के निर्देशक प्रवीन अरोड़ा ने इसको लेकर बात करते हुए कहा कि फिल्म ढाई आखर एक प्रेम गीत है. प्रेम किसी के जीवन को बदलने की ताकत रखता है. हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी इस फिल्म में हर्षिता के लीड रोल में नजर आएंगी.

जानेमाने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने भी अहम किरदार निभाए हैं. लेखक असगर वजाहत ने इस फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे हैं. वहीं फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर ब्रज मोहन हैं. फिल्म की शानदार टीम में गीतकार इरशाद कामिल, हिन्दी और बंगाली संगीत निर्देशक अनुपम रॉय और गायिका कविता सेठ शामिल हैं.


## शब्द सामर्थ्य- 243

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 242 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 243

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.242 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |